# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—गणित

## कक्षा — दूसरी




राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2022–23


**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,

डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक

श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

श्री पी.आर.साहू

श्री मुकुन्द साहू

**लेखन**

स्वाति दास

**टंकण**

निखिल कुमार साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**


| क्र. | पाठ का नाम | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | दोहराना | 1-3 |
| 2. | संख्याएं | 4-6 |
| 3. | जोड़ना | 7-9 |
| 4. | घटाना | 10-12 |
| 5. | गुणा | 13-15 |
| 6. | भाग | 16-17 |
| 7. | लम्बाई | 18-21 |
| 8. | भार | 22-24 |
| 9. | धारिता | 25-27 |
| 10. | समय | 28-30 |
| 11. | आकृतियाँ | 31-34 |
| 12. | मृदा | 35-37 |
| 13. | आकँड़ो की समझ | 38-42 |

# गणित

## कक्षा - 02

## अध्याय - 01 दोहराना


प्रश्न 1. फूल में पंखुड़ियों की संख्या है?



(अ) 6 (ब) 7 (स) 8 (द) 9

उत्तर- (स) 8


प्रश्न 2. बण्डल और तीलियों के योग के लिए संख्या होगी?




(अ) 15 (ब) 16 (स) 17 (द) 18

उत्तर- (स) 17


प्रश्न 3. छुटी हुई संख्याएँ लिखो-




(अ) 38, 41 (ब) 38, 43 (स) 36, 41 (द) 37, 42

उत्तर- (अ) 38, 41

प्रश्न 4. अगली संख्या होगी?




(अ) 8 (ब) 9 (स) 6 (द) 5

उत्तर- (ब) 9

प्रश्न 5. दी गई संख्याओं का बढ़ता क्रम होगा|

| | | |
|---|---|---|
| 31 | 26 | 29 |

(अ)

| | | |
|---|---|---|
| 31 | 29 | 26 |

(ब)

| | | |
|---|---|---|
| 26 | 31 | 29 |

(स)

| | | |
|---|---|---|
| 29 | 26 | 31 |

(द)

| | | |
|---|---|---|
| 26 | 29 | 31 |

उत्तर- (द)

| | | |
|---|---|---|
| 26 | 29 | 31 |

प्रश्न 6. दी गई संख्याओं का घटता क्रम होगा|

| | | |
|---|---|---|
| 60 | 30 | 20 |

(अ)

| | | |
|---|---|---|
| 20 | 30 | 60 |

(ब)

| | | |
|---|---|---|
| 30 | 20 | 60 |

(स)

| | | |
|---|---|---|
| 60 | 30 | 20 |


(द)

| | | |
|---|---|---|
| 60 | 20 | 30 |

उत्तर- (स)

| | | |
|---|---|---|
| 60 | 30 | 20 |

प्रश्न 7. पैटर्न समझकर संख्या लिखो -




(अ) 15 (ब) 20 (स) 25 (द) 30

उत्तर- (द) 30

प्रश्न 8. प्रशांत के पास 6 रुपये थे। लक्ष्मी ने उसे 3 रुपये और दे दिये । बताओ अब उसके पास कुल कितने रुपये हो गए ।

(अ) 9 (ब) 6 (स) 3 (द) 12

उत्तर- (अ) 9

प्रश्न 9. जोड़ो-

$$\begin{array}{r} 4 \\ \underline{+\ 3} \end{array}$$

(अ) 1 (ब) 3 (स) 4 (द) 7

उत्तर- (द) 7

प्रश्न 10. घटाओ-

$$\begin{array}{r} 7 \\ \underline{-\ 2} \end{array}$$

(अ) 2 (ब) 7 (स) 5 (द) 9

उत्तर- (स) 5

## अध्याय - 2

## संख्याएं

प्रश्न 1. M201



यदि पहले स्थान पर आम है तो बताओ अंगूर कौन से स्थान पर है -

(अ) पहले (ब) दूसरे (स) तीसरे (द) चौथे

उत्तर- (स) तीसरे

प्रश्न 2. वह संख्या कौन सी है जिसके इकाई में 5 और दहाई में 8 है? M201

(अ) 58 (ब) 85 (स) 55 (द) 38


उत्तर- (ब) 85

प्रश्न 3. संख्याओं 46, 15, 59, 9 में से वह संख्या कौन सी है जिसके दो - दो के समूह बन जाएंगे और एक भी वस्तु नहीं बचेगी। M201

(अ) 46 (ब) 15 (स) 59 (द) 9

उत्तर- (अ) 46

प्रश्न 4. दिये गए समूह में दो - दो का समूह कितने बार आया है? M201



(अ) 10 बार (ब) 3 बार (स) 4 बार (द) 5 बार

उत्तर- (द) 5 बार

प्रश्न 5. दी गई मोमबत्तियों से तीन - तीन मोमबत्तियों के कितने समूह बनेगें? M201



(अ) 12 (ब) 10 (स) 6 (द) 4


उत्तर- (द) 4

प्रश्न 6. दीपक अपने मोहल्ले में "कोरोना वारियर" के रूप् में कार्य करने वाले सभी 6 वारियर्स के लिए 10- 10 फूलो की एक - एक माला बनाना चाहता है, यदि उसके पास 65 फूल है, तो माला बनाने के बाद उसके पास कितने फूल शेष बच जायेंगे। M201

(अ) 60 (ब) 5 (स) 65 (द) 55

उत्तर- (ब) 5

प्रश्न 7. नीचे दिये गये मास्क के बंडल देखकर मास्क की कुल संख्या बताइये - M201



(अ) 5 (ब) 10 (स) 15 (द) 20

उत्तर- (ब) 10

प्रश्न 8. संख्या 23 को हम माला और मोती के रूप में इस प्रकार लिख सकते है - M201

(अ) 1 माला + 3 मोती

(ब) 2 माला + 1 मोती

(स) 3 माला + 3 मोती

(द) 2 माला + 3 मोती

उत्तर - (द) 2 माला + 3 मोती

प्रश्न 9. किसी संख्या का इकाई का अंक 4 व दहाई का अंक 8 हो तो वह संख्या होगी? M201

(अ) 48 (ब) 12 (स) 4 (द) 84

उत्तर- (द) 84

प्रश्न 10. संख्या 49 में 4 का स्थानीय मान ........ है। M201

(अ) 4 (ब) 49 (स) 40 (द) 9

उत्तर- (स) 40

प्रश्न 11. सुजाता ने लॉकडाउन 4.0 में रायपुर से अंबिकापुर तक की यात्रा 8 घण्टे में पूरी की। यदि उसने 2 - 2 घण्टे में अपने हाथ सैनिटाइज किये हों तो बताओ उसने कुल कितने बार अपने हाथ सैनिटाइज किये? M201

(अ) 2 बार

(ब) 4 बार

(स) 8 बार



(द) 9 बार

उत्तर- (ब) 4 बार

## अध्याय -3

## जोड़ना

M204

प्रश्न 1.  + 

2 + 4 = ☐

(अ) 2 (ब) 4 (स) 6 (द) 8

उत्तर- (स) 6

प्रश्न 2. 6 + 3 = ☐

M204

(अ) 6 (ब) 3 (स) 9 (द) 18

उत्तर- (स) 9

प्रश्न 3. सूरज और उमेश गेंद से टप्पे बनाने का खेल, खेल रहे थे। यदि सूरज ने 9 टप्पे और उमेश ने 11 टप्पे बनाये, तो बताओ दोनों ने मिलकर कुल कितने टप्पे बनाये? M204

(अ) 2 (ब) 9 (स) 11 (द) 20

उत्तर- (द) 20


प्रश्न 4. रीना के पास 8 पतंगे है और अनीता के पास 6 पतंगे है तो बताओ दोनो के पास कुल कितनी पतंगे है? M204

(अ) 14 (ब) 8 (स) 6 (द) 2

उत्तर- (अ) 14

प्रश्न 5. बण्डल और तीली के योग के लिए संख्या होगा |

M204



(अ) 37 (ब) 25 (स) 12 (द) 62

उत्तर- (द) 62

प्रश्न 6. जोड़ होगा -

M204

$$\begin{array}{r} 17 \\ +\ 35 \\ \hline \end{array}$$

(अ) 412 (ब) 52 (स) 42 (द) 22

उत्तर- (ब) 52

प्रश्न 7. जोड़ होगा -

M204

$$\begin{array}{r} 25 \\ +\ 18 \\ \hline \end{array}$$

(अ) 43 (ब) 313 (स) 33 (द) 13

उत्तर- (अ) 43

प्रश्न 8. पूनम ने "पढ़ाई तुँहर द्वार" से गणित के 8 वीडियो देखे और राहुल ने 12 वीडियो देखे तो बताओ दोनो ने कुल कितने वीडियो देखे?

M204

(अ) 8 (ब) 12 (स) 20 (द) 4

उत्तर- (स) 20

प्रश्न 9. देश से कोरोना खत्म करने के लिए, पहला लॉकडाउन 14 दिनों का व दूसरा लॉकडाउन 21 दिनो का लगा तो कुल कितने दिनों का लॉकडाउन लगा? M204

(अ) 35 (ब) 21 (स) 14 (द) 07

उत्तर- (अ) 35

प्रश्न 10. छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रवासी मजदूरों को उनके राज्य तक पहुँचने के लिए प्रथम दिवस 4 बसों की दूसरे दिन 8 बसों की उसके अगले दिन 1 बस की व्यवस्था व अंतिम दिवस 11 बसों की व्यव्स्था की हो तो कुल कितने बसों की व्यवस्था की गई? M204


(अ) 4 (ब) 8 (स) 19 (द) 24

उत्तर- (द) 24

## अध्याय - 4

## घटाना

प्रश्न 1. संख्या रेखा देखकर खाली जगह के लिए अंक होगा - M205




11 - 8 = ☐

(अ) 19 (ब) 3 (स) 9 (द) 11

उत्तर- (ब) 3

प्रश्न 2. जूही के पास 4 बंडल और 9 तीलियाँ थी। उसने 2 बंडल और 5 तीलियाँ रमेश को दे दी। बताओ अब जूही के पास कितने बंडल और कितनी तीलियाँ बची। M205

(अ) 2 बंडल (ब) 2 बंडल, 4 तीली

(स) 1 बंडल (द) 4 तीली

उत्तर- 2 बंडल, 4 तीली

प्रश्न 3. घटाओ- M205

$$\begin{array}{r} 59 \\ -\ 35 \\ \hline \end{array}$$

(अ) 20 (ब) 212 (स) 164 (द) 24

उत्तर- (द) 24

प्रश्न 4. यदि 21 मई 2020 को छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 117 थी और उसमें से 59 मरीज ठीक होकर घर चले गए, तो उस दिन कितने मरीज संक्रमित बचे थे। M205

(अ) 68 (ब) 58

(स) 52 (द) 62

उत्तर- (ब) 58

प्रश्न 5. कुसुम के पास दस - दस मोतियों वाली दो मालाएँ और 3 मोती अलग से थी। एक माला टूट गई । बताओ अब कुसुम के पास कितनी मालाएँ और कितने मोती है? M205

(अ) 2 माला 13 मोती (ब) 2 माला 3 मोती

(स) 1 माला 10 मोती (द) 1 माला 13 मोती

उत्तर- (द) 1 माला 13 मोती

प्रश्न 6. रचना के पास 10 मोमबत्तियों का 1 पैकेट और 3 मोमबत्तियों अलग से थी । रचना ने पैकेट खोल दिया अब बताओ उसके पास कुल कितनी मोमबत्तियाँ है? M205

(अ) 10 (ब) 7 (स) 13 (द) 3

उत्तर- (स) 13

प्रश्न 7. हल करो M205

$$\begin{array}{r} 55 \\ -\ 28 \\ \hline \end{array}$$

(अ) 27 (ब) 17 (स) 37 (द) 77

उत्तर- (अ) 27

प्रश्न 8. हल करो - M205

$$\begin{array}{r} 50 \\ -\ 18 \\ \hline \end{array}$$

(अ) 48 (ब) 68 (स) 42 (द) 32

उत्तर- (द) 32

प्रश्न 9. संगीता ने बाजार से 7 आम व 3 पपीते खरीदे। उसने 3 आम और 1 पपीता खा लिया तो बताओ, अब उसके पास कितने आम बचे? M205

(अ) 36 (ब) 6 (स) 4 (द) 11

उत्तर- (स) 4

प्रश्न 10. सूरज ने 36 अण्डे खरीदे। उनमें से 5 अंडे टूट गये। तथा कमल ने उसे 7 अण्डे और दे दिये तो बताओ अब सूरज के पास कितने अण्डे है? M204, M205

(अ) 36 (ब) 38 (स) 31 (द) 43

उत्तर- (ब) 38

# अध्याय - 05

## गुणा

प्रश्न 1. प्रत्येक टोकरी में 4 आम है। तो कुल आमों की संख्या कितनी है?



(अ) 4 (ब) 5 (स) 16 (द) 9

उत्तर - (स) 16

प्रश्न 2. रीना के पास तीन बकरियाँ है, और सूरज के पास दो मुर्गियाँ है, तो बताओ बकरियों व मुर्गियों के कुल पैरों की संख्या कितनी होगी?

(अ) 12 (ब) 16 (स) 18 (द) 4

उत्तर - (ब) 16

प्रश्न 3. रवि की माँ ने रवि को घर की सारी कुर्सियों की पायों को लाल रंग से रंगने को कहा। यदि रवि के घर में 6 कुर्सियों हो, तो बताओ उसे कुल कितने पायों को रंग करना पड़ेगा?

(अ) 24 (ब) 6 (स) 4 (द) 10

उत्तर - (अ) 24

प्रश्न 4.



सभी समूहों को मिलाकर कुल कितनी क्रिकेट बैट हैं |

(अ) 3 (ब) 6 (स) 9 (द) 12

उत्तर - (द) 12

प्रश्न 5. $7 \times 3 = \square$

(अ) 7 (ब) 10 (स) 21 (द) 3

उत्तर - (स) 21

प्रश्न 6. $8 \times 0 = \square$

(अ) 8 (ब) 0 (स) 80 (द) 1

उत्तर - (ब) 0

प्रश्न 7. सबीना के बगीचे में 4 गुच्छे आम पक गये। हर गुच्छे में 7-7 आम है बताओं चारो गुच्छों में कुल कितने आम है?

(अ) 21 (ब) 27 (स) 28 (द) 22

उत्तर - (स) 28

प्रश्न 8. नीता ने प्रतिदिन 3-3 रोटियाँ बनाई तो बताओ पाँच दिनो में उसने कुल कितनी रोटियाँ बनाई ।

(अ) 10 (ब) 25 (स) 20 (द) 15

उत्तर - (द) 15

प्रश्न 9. नीरज के गमले में 3 फूल खिले हैं। प्रत्येक फूल में 4-4 पंखुड़ियाँ है। 3 फूलों में कितनी पंखुड़ियाँ होगी?

(अ) 10 (ब) 12 (स) 11 (द) 14

उत्तर - (ब) 12

प्रश्न 10. पर्यावरण दिवस 5 जून के लिए शेखर, गीता, अमीना, रंजीता ने 2-2 पेंटिंग बनाई । बताइये कुल कितनी पेंटिंग बनी?

(अ) 7 (ब) 8 (स) 9 (द) 10

उत्तर - (ब) 8

## अध्याय - 06

### भाग

प्रश्न 1. शीला को 50 रूपये का खुला 10-10 रूपयों के रूप में चाहिये। बताओ उसे 10-10 रूपये के कितने नोट मिलेंगे?

(अ) 5 (ब) 10 (स) 25 (द) 50

उत्तर - (अ) 5

प्रश्न 2. एक दूकानदार को 100 मोमबत्तियों से 10-10 मोमबत्तियों के पैकेट बनाना है, तो बताओ कितने पैकेट बनेंगे?

(अ) 100 (ब) 10 (स) 90 (द) 110

उत्तर - (ब) 10

प्रश्न 3. रीना और अंकित ने अपने पिताजी के साथ मिलकर पहले लॉकडाउन में 35 लड्डू बनाये । उनके परिवार में दादा, दादी, माँ, बुआ भी हैं बताओं प्रत्येक के हिस्से में कितने कितने लड्डू आयेंगे?

(अ) 8 (ब) 6 (स) 7 (द) 5

उत्तर - (द) 5

प्रश्न 4. राजीव गाँधी किसान न्याय योजना में छ.ग. सरकार ने 7 गॉवो में कुल 63 लोगो के मध्य धनराशि बॉटी तो बताओ, कि उस दिन प्रत्येक गाँव से औसत कितने लोगो को धनराशि मिली?

(अ) 7 (ब) 8 (स) 9 (द) 10

उत्तर - (स) 9

प्रश्न 5. 45 रूपयो को पाँच बच्चो के बीच बराबर-बराबर बाँटे तो प्रत्येक को कितने रूपये मिलेंगे?

(अ) 7 (ब) 8 (स) 9 (द) 10

उत्तर - (स) 9

प्रश्न 6. रूचि के घर में कुल 18 पर्दे लगते है। यदि घर में 6 कमरे हो तो बताओ प्रत्येक कमरे में कितने -कितने पर्दे लगेगें? यदि सभी कमरों में बराबर पर्दे लगे हों |

(अ) 3 (ब) 4 (स) 5 (द) 6

उत्तर- (अ) 3

प्रश्न 7. पिंकी अपने 4 दोस्तो में कुल 12 चाकलेट बराबर- बराबर बाटना चाहती है तो बताओ प्रत्येक दोस्त को कितनी चाकलेट मिलेगी?

(अ) 12 (ब) 16 (स) 10 (द) 3

उत्तर- (द) 3

प्रश्न 8. शीला ने अपनी बड़ी बहन के साथ मिलकर 48 गुलाब जामुन बनाये। काँच के एक जार में यदि 8 गुलाब जामुन आते है। तो पूरे गुलाब जामुन रखने के लिए समान आकार के कितने जार चाहिये?

(अ) 6 (ब) 7 (स) 8 (द) 9

उत्तर- (अ) 6

प्रश्न 9. 2 अक्टूबर को गाँधी जी की प्रतिमा पर 5 व्यक्तियों ने माला पहनाई प्रत्येक माला 10-10 फूलों से बनी है। मालाएँ गुथने में कुल फूलों की संख्या होगी?

(अ) 5 (ब) 10 (स) 15 (द) 50

उत्तर- (द) 50

प्रश्न 10. राकेश ने दिनभर में पंक्चर की दुकान में कुल 60 चक्कों में हवा भरी। उसनें सभी साइकिलो के दोनों चक्कों में हवा भरी गई हो, तो बताओ कितने साइकिलों में हवा भरी?


(अ) 30 (ब) 50 (स) 60 (द) 120

उत्तर- (अ) 30

# अध्याय-7

## लम्बाई

प्रश्न 1. M210



1 2 3 4

कौन से स्थान पर रखी पेंसिल की लंबाई सबसे कम है।

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4


उत्तर- (ब) 2

प्रश्न 2. नेहा अपने पंलग की लंम्बाई मापना चाहती है। निम्न विकल्पों में से किस विकल्प से वह जल्दी माप लेगी? M210

(अ) बित्ता (ब) कदम (स) हाथ (द) अंगुलियों

उत्तर- (स) हाथ

प्रश्न 3. M210




कौन सी अंगुली लंबी है?

(अ) 1 (ब) 3 (स) 2 (द) 4

उत्तर- (ब) 3

प्रश्न 4. यदि वहीदा के बस्ते की लंबाई 20 अंगुल, गणित पुस्तक की लंबाई 18 अंगुल, कॉपी की लंबाई 12 अंगुल और पैंसिल की लंबाई 7 अंगुल हो, तो बताओ कौन सी वस्तु सबसे लंबी है? M210


(अ) पैंसिल (ब) कॉपी (स) पुस्तक (द) बस्ता

उत्तर- (द) बस्ता


प्रश्न 5. विवेक के घर का बरामदा 10 कदम, नीना के घर का बरामदा 13 कदम, मनोज के घर का बरामदा 14 कदम तथा पल्लू के घर का बरामदा 15 कदम हो तो सबसे छोटा बरामदा किसके घर का है? M210

(अ) विवेक (ब) नीना (स) मनोज (द) पल्लू


उत्तर- (अ) विवेक

6. यदि  = 1 बित्ता M210

 = 2 बित्ता



= 3 बित्ता

 = 10 बित्ता

हो तो सबसे लम्बी वस्तु कौन सी है?

(अ) पेन (ब) रस्सी (स) स्केल (द) मेज

उत्तर- (द) मेज

प्रश्न 7. अन्नु की ऊँचाई - 4 हाथ दो बित्ता, विनोद की ऊँचाई 4 हाथ 3 बित्ता, विकास की ऊँचाई 5 हाथ तथा कमला की ऊँचाई 4 हाथ 3 बित्ता है। बताओ सबसे ऊँचा कौन है? M210

(अ) अन्नु (ब) विनोद (स) विकास (द) कमला


उत्तर- (स) विकास

प्रश्न 8. बलबीर अपने घर के बैठक कक्ष की लम्बाई को मापना चाहता है। वह किस विकल्प का उपयोग करेगा - M210

(अ) तराजू (ब) स्केलपट्टी (स) नपना गिलास (द) थर्मामीटर

उत्तर- (ब) स्केलपट्टी

प्रश्न 9. M210




सबसे बड़े पट्टी से छोटे क्रम में जमाने में कौन सा विकल्प सही है?

(अ) 1, 2, 3, 4

(ब) 2, 1, 3, 4


(स) 3, 1, 2, 4

(द)1, 4, 2, 3

उत्तर- (द) 1, 4, 2, 3

प्रश्न 10.

M210




पेड़ो को उनकी ऊँचाई में छोटे से बड़े क्रम में जमाया जाये तो कौन सा विकल्प सही होगा -

(अ) 1, 2, 3, 4

(ब) 2, 1, 3, 4

(स) 2, 1, 4, 3

(द) 2, 4, 1, 3

उत्तर- (द) 2, 4, 1, 3

# अध्याय - 8

## भार

प्रश्न 1. दिए गए विकल्पों में से सबसे हल्की वस्तु कौन-सी हैं ? M211

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर- (अ) 

प्रश्न 2. दिए गए विकल्पों में से सबसे भारी वस्तु कौन-सी हैं ? M211

(अ) 


(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर- (द) 

प्रश्न 3. यदि तुम्हें एक आम का वजन पता करना हो तो तुम दियें गए उपकरणों में से किस विकल्प का चयन करोगे ? M211

(अ) 



(ब) 

(स) 


(द) 

उत्तर- (ब) 

प्रश्न 4. निम्न में से किसका वजन सबसे अधिक होगा ? M211

(अ) 


(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर- (द) 

प्रश्न 5. कौन-सी दो वस्तुओं के भार बराबर है ? M211

| **वस्तु का नाम** | **मात्रा** |
|---|---|
| चॉवल | 80 किलोग्राम |
| गेहूँ | 50 किलोग्राम |
| प्याज | 20 किलोग्राम |
| आलू | 50 किलोग्राम |

(अ) चॉवल और गेहूँ

(ब) प्याज और आलू

(स) गेहूँ और आलू


(द) आलू और चॉवल

उत्तर- (स) गेहूँ और आलू

प्रश्न 6. सबसे हलकी वस्तु कौन -सी हैं? M211

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 


उत्तर- (द) 

प्रश्न 7. यदि तुम्हे 10 किलोग्राम गेहूं को बराबर बाँटना हो तो तुम दिए गये विकल्पों में से किसका उपयोग करोगे ? M211

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 


उत्तर- (ब) 

प्रश्न 8. तराजू के दोनों पलड़े कब बराबर होंगे ? M211

(अ) जब दायीं ओर वजन अधिक हो |

(ब) जब बायीं ओर वजन अधिक हो |

(स) जब दोनों पलड़ों पर बराबर वजन हो |

(द) जब तराजू में काटा न हो |

उत्तर- (स) जब दोनों पलड़ों पर बराबर वजन हो |

# अध्याय - 9

# धारिता

प्रश्न 1. किस विकल्प के बर्तन में ज्यादा पानी आयेगा? M210

(अ) 
(ब) 

(स) 
(द) 

उत्तर- (स) 

प्रश्न 2. ऋतिक अपने घर की टंकी पानी से भरना चाहता है। किस विकल्प से वह जल्दी भर लेगा? M210

(अ) 
(ब) 

(स) 
(द) 

उत्तर- (ब) 

प्रश्न 3. किसी बर्तन की धारिता को आप किस विकल्प से मापेंगे? M210

(अ) थर्मामीटर (ब) नपना गिलास

(स) तराजू (द) स्केलपट्टी

उत्तर- (ब) नपना गिलास

प्रश्न 4. राजु एक डिब्बे से रेत भर रहा है। यदि एक गिलास में तीन डिब्बे रेत आती है, तो वह दो समान आकार के गिलास कितनी बार में भर लेगा? M210

(अ) 2 (ब) 3

(स) 4 (द) 6

उत्तर- (द) 6

प्रश्न 5. यदि एक लोटा में 3 गिलास, और एक गिलास में 3 कटोरी रेत आती हो, तो बताओ एक लोटे में कितने कटोरी रेत आयेगी? M210

(अ) 3 (ब) 6

(स) 9 (द) 12

उत्तर- (स) 9

प्रश्न 6. यदि  और  M210

हो, तो  = कितने  होंगे?


(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर-(द) 

प्रश्न 7  एक नल से बूंद - बूंद करके यदि 1 घण्टे में 1  कप पानी बह जाता है, तो बताओ 1 जग पानी कितनी देर में बह जायेगा, यदि जग में 15  पानी आता हो ।

M210

(अ) 24 घण्टे  (ब) 20 घण्टे

(स) 15 घण्टे  (द) 10 घण्टे

उत्तर- (स) 15 घण्टे

प्रश्न 8. अभिषेक का एक्वेरियम 3 बाल्टी पानी से भर जाता है पर वह उसे मग से भरता है। यदि 1 बाल्टी = 4 मग पानी हो, तो अभिषेक एक्वेरियम में कितने मग पानी भरा?

M210

(अ) 3  (ब) 4

(स) 12  (द) 7

उत्तर- (स) 12

प्रश्न 9. आदित्य को सुबह ब्रश करने में 1 बाल्टी, नहाने मे 3 बाल्टी, संध्या समय हाथ - पैर धोने में 1 बाल्टी पानी लगता है। बताओ वह 1 सप्ताह में कितने बाल्टी पानी उपयोग करता है?

M210

(अ) 3  (ब) 5


(स) 35  (द) 40

उत्तर- (स) 35

प्रश्न 10. किस विकल्प के बर्तन की धारिता सबसे कम है:

M210

(अ)   (ब) 

(स)   (द) 

उत्तर- (ब) 

## अध्याय - 10

## समय

प्रश्न 1. एक सप्ताह में दिनो की संख्या होती है। M212

(अ) 30 (ब) 12

(स) 9 (द) 7

उत्तर- (द) 7

प्रश्न 2. यदि आज गुरूवार है तो आने वाले दिन का नाम होगा। M212

(अ) शुक्रवार (ब) बुधवार

(स) शनिवार (द) मगंलवार

उत्तर - (अ) शुक्रवार

प्रश्न 3. अप्रैल का महिना कितने दिनों का होता है। M212

(अ) 28 (ब) 29

(स) 30 (द) 31

उत्तर- (स) 30

प्रश्न 4. 1 वर्ष में कितने महिने होते हैं - M212

(अ) 7 (ब) 12

(स) 365 (द) 366

उत्तर- (ब) 12

प्रश्न 5. 1 वर्ष में दिनों की संख्या होती है - M212

(अ) 7 (ब) 30

(स) 365 (द) 15

उत्तर- (स) 365

प्रश्न 6. जून के बाद कौन सा महिना आता है - M212

(अ) मार्च (ब) सितम्बर

(स) मई (द) जुलाई

उत्तर- (द) जुलाई

प्रश्न 7. वर्ष का अंतिम महिना कौन होता है - M212

(अ) जनवरी (ब) दिसम्बर

(स) अप्रेल (द) जुलाई

उत्तर- (ब) दिसम्बर

प्रश्न 8. बाल दिवस कौन से महिने में आता है। M212

(अ) अगस्त (ब) जनवरी

(स) नवम्बर (द) दिसम्बर

उत्तर- (स) नवम्बर

प्रश्न 9. वर्ष का सातवां महिना कौन सा होता है M212

(अ) मार्च (ब) अगस्त

(स) जुलाई (द) सितम्बर

उत्तर- (स) जुलाई

प्रश्न 10. फरवरी के ठीक पहले कौन सा महिना आता है - M212

(अ) जनवरी (ब) मार्च

(स) दिसम्बर (द) जुलाई

उत्तर- (अ) जनवरी

प्रश्न 11. किस विकल्प का कार्य मिनटों में हो जाता है? M213

(अ) कली का फूल में बदलना (ब) स्कूल ड्रेस पहनना

(स) भोजन पक कर तैयार होना (द) रात को सोना

उत्तर- (ब) स्कूल ड्रेस पहनना

प्रश्न 12. किस विकल्प का कार्य कुछ सेकेण्ड में पूरा हो जाता है? M213

(अ) छींकना (ब) दूध का उबलना

(स) फसल पकना (द) कपड़े बदलना

उत्तर- (अ) छींकना

प्रश्न 13. निम्नांकित में से कौन सी क्रिया हम सुबह सबसे पहले करते है - M213

(अ) नाश्ता करना (ब) दाँत ब्रश करना

(स) नहाना (द) शाला जाना

उत्तर- (ब) दाँत ब्रश करना

प्रश्न 14. भोजन करने में तुम्हें लगभग कितने मिनट का समय लगना चाहिए- M213

(अ) 60 मिनट (ब) 30 मिनट

(स) 20 मिनट (द) 5 मिनट

उत्तर- (स) 20 मिनट


# अध्याय - 11

## आकृतियाँ

प्रश्न 1. निम्न में से किस विकल्प की आकृति गोल है - M207

(अ) 


(ब) 


(स) 


(द) 


उत्तर- (अ) 


प्रश्न 2. माचिस के समान आकृति किस विकल्प की है - M207



(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 


उत्तर- (अ) 

प्रश्न 3.  चित्र में कितने  हैं। M207

(अ) 8 (ब) 2

(स) 4 (द) 3

उत्तर- (ब) 2


प्रश्न 4. आकृति  में कितने तिकोन है? M207


(अ) 8 (ब) 6


(स) 4 (द) 2

उत्तर- (स) 4

प्रश्न 5. पैटर्न में अगली आकृति कैसी होगी? M111


 ................................



(अ)  (ब) 



(स)  (द) 


उत्तर- (ब) 

प्रश्न 6. पैटर्न में अगली आकृति कैसी होगी?


 ................................


(अ)  (ब) 


(स)  (द) 


उत्तर- (अ) 


प्रश्न 7. पैटर्न में अगली आकृति कैसी होगी?


 .................


(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर- (ब) 

प्रश्न 8. चित्र में  कितने तिकोन है? M207


(अ) 5

(ब) 4

(स) 3

(द) 2

उत्तर- (ब) 4


प्रश्न 9.  चित्र में कौन - कौन सी आकृति है - M207

(अ) 

(ब) 


(स) 

(द) 

उत्तर- (द) 

प्रश्न 10. बेलन जैसी चीज कौन सी नहीं है?

M207

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर- (ब) 

## अध्याय - 12

## मुद्रा

प्रश्न 1. 

यदि दूध की एक बोतल दस रूपये की आती हो, तो ऐसी 4 बोतल के लिए कितने रूपये देने होंगे। M206

(अ) 10 (ब) 40

(स) 50 (द) 30

उत्तर- (ब) 40

प्रश्न 2. तुषार ने एक रबर 2 रू, दो पेंसिल 10 रूपये व एक कॉपी 12 रूपये में खरीदी। बताओ उसे दुकानदार को कितने रूपये देने होंगे। M206

(अ) 12 (ब) 10

(स) 24 (द) 22

उत्तर- (स) 24

प्रश्न 3. गिरिष ने 85 रू में एक पैकेट दूध और एक किलो दाल खरीदा । उसने 10-10 रूपये के 9 नोट दूकानदार को दिये । दुकानदार उसे कितने रूपये वापस करेगा? M206

(अ) 5 (ब) 10

(स) 15 (द) 20

उत्तर- (अ) 5

प्रश्न 4. शेखर के पास 5 रूपये के 3 नोट तथा 10 रूपये के 2 नोट है। तो बताओ कि उसके पास कुल कितने रूपये है? M206

(अ) 15 (ब) 20

(स) 35 (द) 45

उत्तर- (स) 35

प्रश्न 5. हिमशिखा ने 12 रूपये के आम व 25 रूपये के केले खरीदें दुकानदार को 50 रूपये का एक नोट दिया तो उसे कितने रूपये वापस मिलेंगे? M206

(अ) 13 (ब) 25

(स) 38 (द) 37

उत्तर- (अ) 13

प्रश्न 6. किशोर के पास 20 रूपये और अन्नु के पास 75 रूपये है तो बताओ दोनो के पास कुल मिलाकर कितने रूपये है? M206

(अ) 110 (ब) 115

(स) 95 (द) 85

उत्तर- (स) 95

प्रश्न 7. महक के पास 25 रू है। उसने 15 रू रूपाली को दे दिये । पर शबाना ने 20 रू महक को दिये । अब महक के पास कितने रूपये है। M206

(अ) 15 (ब) 20

(स) 25 (द) 30

उत्तर- (द) 30

प्रश्न 8. लॉकडाउन 3.0 में दीपा अपनी सहेली को मदद करने के लिए 80 रूपये देना चाहती है। उसके पास केवल 10 - 10 के ही नोट है तो वह कितने नोट देगी? M206

(अ) 3 (ब) 5

(स) 8 (द) 10

उत्तर- (स) 8

प्रश्न 9. पलाश के पास 10 - 10 के 2 नोट व 5 रूपये का एक सिक्का है। उसके पास कुल कितने रूपये है? M206

(अ) 10 (ब) 20

(स) 5 (द) 25

उत्तर- (द) 25

प्रश्न 10. राखी पहले महींने में 3 रूपये दूसरे महीने में 5 रूपये और उसके अगले महीने में 8 रूपये की बचत करती है। बताओ अब उसके पास कुल कितने रूपये है M206

(अ) 8 (ब) 13

(स) 11 (द) 16

उत्तर- (द) 16

## अध्याय - 13

## आकँड़ो की समझ

M214

प्रश्न 1. तालिका देखकर उत्तर दीजिए: -

| दिन | मध्याह्न भोजन करने वाले बच्चों की संख्या |
|---|---|
| सोमवार | 59 |
| मंगलवार | 62 |
| बुधवार | 49 |
| गुरुवार | 52 |

किस दिन सबसे कम बच्चों ने मध्याह्न भोजन किया?

(अ) सोमवार (ब) मंगलवार

(स) बुधवार (द) गुरुवार

उत्तर- (स) बुधवार

M214

प्रश्न 2. एक बाड़ी से निम्नानुसार सब्जी तोड़ी जाती है।

| दिन | सब्जी का नाम |
|---|---|
| सोमवार | बरबट्टी |
| मंगलवार | भाजी (लाल,पालक,चौलाई) |
| बुधवार | भिण्डी |
| गुरुवार | गोभी |

बताओ लाल भाजी कौन से दिन तोड़ी जाती है?

(अ) सोमवार (ब) मंगलवार

(स) बुधवार (द) शुक्रवार

उत्तर- (ब) मंगलवार

प्रश्न 3. तालिका देखकर उत्तर दीजिएः -

M214

| फल | फल पसंद करने वाले बच्चो की संख्या |
|---|---|
| आम | 18 |
| बेर | 08 |
| केला | 12 |
| अंगूर | 10 |

बच्चों को कौन सा फल सबसे ज्यादा पसंद है

(अ) आम (ब) बेर

(स) केला (द) अंगुर

उत्तर- (अ) आम

प्रश्न 4. तालिका देखकर उत्तर दीजिएः -

M214

किसी दिन मुबंई से राज्यों के लिए जाने वाली बस में प्रवासी मजदूरों की संख्या है।

| राज्य | प्रवासी मजदुर |
|---|---|
| उत्तर- प्रदेश | 97 |
| बिहार | 78 |
| छ. ग. | 26 |
| झारखण्ड | 57 |

किस राज्य के मजदूरों की संख्या सबसे कम है?

(अ) उत्तर- प्रदेश (ब) बिहार

(स) छ. ग. (द) झारखण्ड

उत्तर- (स) छ. ग.

प्रश्न 5. एक प्रा. शा. के मध्याह्न भोजन में प्रतिदिन की चॉवल की खपत नीचे दी गई है? M214

| दिन | चॉवल किलो ग्राम में |
| --- | --- |
| सोमवार | 62 |
| बुधवार | 61 |
| शुक्रवार | 57 |
| शनिवार | 12 |




बताओ किस दिन चॉवल की खपत सबसे कम है।

(अ) सेमवार (ब) बुधवार

(स) शुक्रवार (द) शनिवार

उत्तर- (द) शनिवार

प्रश्न 6. M214

| नाम | फूल |
| --- | --- |
| सौरभ |  |
| पिंकी |  |
| अमिर |  |
| पूजा |  |

किसके पास सबसे ज्यादा फूल है?

(अ) सौरभ (ब) पिंकी

(स) अमिर (द) पूजा

उत्तर- (ब) पिंकी

M214

प्रश्न 8. अजय की दिनचर्या निम्नानुसार है: -

| कार्य | लगा समय |
|---|---|
| ब्रश करने में | 10 मिनट |
| नहाने में | 30 मिनट |
| भोजन करने में | 20 मिनट |
| यूनिफार्म पहनने में | 15 मिनट |

अजय को ब्रश करने और भोजन करने में लगने वाला कुल समय है?

(अ) 10 मिनट (ब) 30 मिनट

(स) 20 मिनट (द) 15 मिनट

उत्तर- (ब) 30 मिनट

प्रश्न 9. 1 घण्टे में विद्यार्थियों द्वारा हल किये गये प्रश्नों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है। M214

| नाम | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|
| राहुल | 6 |
| अनिल | 9 |
| नेहा | 8 |
| सपना | 4 |

सबसे अधिक प्रश्न कौन हल कर रहा है?

(अ) राहुल (ब) अनिल

(स) नेहा (द) सपना

उत्तर- (ब) अनिल

प्रश्न 10. एक प्रा. शा. के "किचन गार्डन" से निम्नानुसार सब्जी तोड़ी गयी। M214

| सब्जी | वजन (kg) |
|---|---|
| भिण्डी | 6 |
| गोभी | 9 |
| बरबट्टी | 8 |
| टमाटर | 4 |

कौन सी सब्जी सबसे ज्यादा तोड़ी गयी।

(अ) गोभी (ब) बरबट्टी

(स) भिण्डी (द) टमाटर

उत्तर- (अ) गोभी

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता







